जायेगा। योजना मे सम्मिलित 58 ग्रामो मे से 50 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। 810 नग एच.टी.सी. (अक्रियाशील एफ.एच.टी.सी.) का कार्य अवशेष है। शेष कार्य प्रगति पर है।

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन (रेट्रोफिटिंग/पुर्नगठन/नई योजनायें) 04 पैकेजों की समीक्षा की गयी, जिसके सापेक्ष अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया, कि-

**पैकेज संख्या-01** में सम्मिलित पेयजल योजनाओं के कार्यो को माह अगस्त-2024 तक पूर्ण कराते हुये पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी।

**पैकेज संख्या-02** मे सम्मिलित पेयजल योजनाओं के कार्यो की समीक्षा करने पर कार्यो हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रतितिनिधि श्री बलवीर सिंह द्वारा अवगत कराया गया है कि पैकेज मे सम्मिलित योजना मोतीकटरा, बसारी एवं बुढ़ावली मे प्रस्तावित नलकूप का बोर कराया गया परन्तु चिन्हित स्थलों पर बोर पर बोर ड्राई हो गये है तथा नवीन स्थल उपलब्ध कराने हेतु ग्राम पंचायत से अनुरोध किया गया है। स्थल चिन्हित होने के उपरान्त नलकूप निर्माण का कार्य पूर्ण करा दिया जायेगा। वर्तमान में पैकेज में प्रस्तावित 58832 मीटर वितरण प्रणाली के सापेक्ष 48195 मीटर पाइप की आपूर्ति प्राप्त करते हुये 48145 मीटर पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा निर्देशित किया गया है कि पैकेज के कार्यो को जुलाई-2024 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा ड्राई नलकूप की जॉच करने हेतु अपर जिलाधिकारी (न.गं.) को अवगत कराना गया है।

**पैकेज संख्या-03** में सम्मिलित पेयजल योजनाओं बरौल ग्राम समूह पेयजल योजना में सम्मिलित 300 किली. क्षमता के अवर जलाशय का कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा पैकेज में सम्मिलित योजनाओं के अवशेष कार्यो को जुलाई-2024 में पूर्ण कर लिया जायेगा।

**पैकेज संख्या-04** में सम्मिलित 02 नग योजनाओं मे प्रस्तावित 02 नग ओवर हैड टैंक एवं 02 नग सी.डब्लू.आर. के कार्य क्रमशः 90 प्रतिशत एवं 55 प्रतिशत पूर्ण किये जा चुके है। पैकेज में प्रस्तावित वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। पैकेज के अवशेष कार्यो को जुलाई-2024 के अन्त तक पूर्ण करा लिया जायेगा, जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा पैकेजों के कार्यो अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि अतिरिक्त श्रमिकों एवं मशीनरी की संख्या बढ़ाते हुये कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। ताकि योजनाओं को जल्द से जल्द जनोपयोगी बनाया जा सकें। साथ ही अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को रेट्रोफिटिंग के अन्तर्गत निर्माणाधीन योजनाओं में पेयजल आपूर्ति का सत्यापन जल जीवन मिशन मीशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाओं के अनुसार ही कराते हुये योजनाओं को सम्बन्धित ग्राम पंचायतों को हस्तान्तरित करने की कार्यवाही कराने हेतु निर्देशित किया गया।



जिलाधिकारी महोदय द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं के कार्यो हेतु अनुबन्धित फर्मो के परियोजना प्रबन्धकों को निर्देशित किया गया कि पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी/काटी गई सड़कों को अविलम्ब पुर्नस्थापित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पेयजल योजनाआन्तर्गत पाईप लाइन बिछाने हेतु खोदी/काटी गई सड़कों का विभागवार (जिस विभाग के नियंत्रणाधीन सड़क को खोदा/काटा गया) विवरण उपलब्ध कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया, ताकि सम्बन्धित विभाग से अनुबन्धित फर्मो द्वारा पुर्नस्थापित की गयी सड़कों का सत्यापन कराते हुये वास्तविक स्थिति उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जा सकें।

Scanned with OKEN Scanner

